# बिहार सरकार
## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

## आदेश

**पत्रांक– वि० प्रा० (II) स्था०–08/2023/ 3739 /पटना, दिनांक– 11.07.2025**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा प्रकाशित विभिन्न विज्ञापन संख्या के अन्तर्गत विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अधीन राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में विभिन्न संकायों में व्याख्याता के पद पर अनुशंसित उम्मीदवार को निम्नांकित विभागीय अधिसूचना संख्या द्वारा नियुक्ति एवं पदस्थापन करते हुए एक माह के अन्दर योगदान करने का निदेश दिया गया था।

कतिपय व्याख्याताओं द्वारा योगदान करने के लिए अवधि विस्तार का अनुरोध किया गया, जिसे समय–समय पर विभाग द्वारा विस्तारित करते हुए विभागीय प्रेस–विज्ञप्ति संख्या–36, दिनांक–03.01.2025 द्वारा संसूचित किया गया है कि वैसे सभी व्याख्याता जो नियुक्ति के पश्चात अब तक अधिसूचित संस्थान में अपना योगदान समर्पित नहीं किये है, उन्हे अंतिम रूप से दिनांक–15.01.2025 तक के लिए योगदान किये जाने हेतु अवधि विस्तार प्रदान की गयी। उक्त निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं करने वाले व्याख्याता को योगदान हेतु इच्छुक नहीं मानते हुए संबंधित व्याख्याता की नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।

उपरोक्त अंतिम अवसर के उपरांत भी कतिपय व्याख्याताओं द्वारा योगदान करने के लिए अवधि विस्तार हेतु किये गये अनुरोध के आलोक में उन्हें दिनांक–15.07.2025 तक योगदान किये जाने के लिए अवधि विस्तार दिया गया है :–

| क्र० | विज्ञापन संख्या | पदनाम/संकाय | नियुक्ति अधिसूचना संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | 39/2020 | व्याख्याता (असैनिक अभियंत्रण) | अधिसूचना संख्या–2226 दिनांक–09.06.2023 एवं अधिसूचना संख्या–2890 दिनांक–02.08.2023 |
| 2. | 14/2020 | व्याख्याता (विद्युत अभियंत्रण) | अधिसूचना संख्या–4438 दिनांक–07.12.2023, अधिसूचना संख्या–300 दिनांक–23.01.2024 एवं अधिसूचना संख्या–5159 दिनांक–26.11.2024 |
| 3. | 43/2020 | व्याख्याता (इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) | अधिसूचना संख्या–3909 दिनांक–20.11.2023 |
| 4. | 42/2020 | व्याख्याता (यांत्रिक अभियंत्रण) | अधिसूचना संख्या–4622 दिनांक–19.12.2023 एवं अधिसूचना संख्या–658 दिनांक–13.02.2024 |

| क्र० | विज्ञापन संख्या | पदनाम/संकाय | नियुक्ति अधिसूचना संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 5. | 40/2020 | व्याख्याता (कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग) | अधिसूचना संख्या–2608 दिनांक–11.07.2023 एवं अधिसूचना संख्या–3178 दिनांक–23.08.2023 |
| 6. | 22/2020 | व्याख्याता (गणित) | अधिसूचना संख्या–4109 दिनांक–08.11.2023 |
| 7. | 19/2020 | व्याख्याता (भौतिकी) | अधिसूचना संख्या–4108 दिनांक–08.11.2023 एवं अधिसूचना संख्या–657 दिनांक–13.02.2024 |
| 8. | 20/2020 | व्याख्याता (रसायन) | अधिसूचना संख्या–3908 दिनांक–20.10.2023 |
| 9. | 45/2020 | व्याख्याता, मानवता (अंग्रेजी) | अधिसूचना संख्या–3177 दिनांक–23.08.2023 |
| 10. | 21/2020 | व्याख्याता, मानवता (अर्थशास्त्र) | अधिसूचना संख्या–2244 दिनांक–09.06.2023, अधिसूचना संख्या–3313 दिनांक–01.09.2023 एवं अधिसूचना संख्या–4357 दिनांक–01.12.2023 |
| 11. | 61/2020 | व्याख्याता, मानवता (हिन्दी) | अधिसूचना संख्या–1132 दिनांक–17.03.2023 |
| 12. | 62/2020 | व्याख्याता (प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी) | अधिसूचना संख्या–659 दिनांक–13.02.2024 |

उपरोक्त विभागीय अधिसूचनाओं के द्वारा नियुक्त एवं पदस्थापित सभी व्याख्याताओं को अधिसूचित संस्थान में योगदान करने हेतु दिनांक–15.07.2025 तक अंतिम रूप से अवधि विस्तार प्रदान की जाती है एवं प्राचार्य/प्रभारी, सभी राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान को निदेशित किया जाता है कि दिनांक–15.07.2025 तक योगदान नहीं किये जाने वाले व्याख्याताओं की सूची दो दिनों के अंदर उपलब्ध करायी जाय, ताकि योगदान नहीं करने वाले व्याख्याता को योगदान हेतु इच्छुक नहीं मानते हुए संबंधित व्याख्याता की नियुक्ति रद्द किये जाने की कार्रवाई की जाएगी।

11/7/25

(अहमद महमुद)
अपर सचिव–सह–निदेशक।

**ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) स्था०–08/2023/ 3739 /पटना, दिनांक– 11.07.2025**

प्रतिलिपि– प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान/आई०टी० मैनेजर, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर upload करने हेतु प्रेषित।

11/7/25

अपर सचिव–सह–निदेशक।

प्रशाखा–3/11.07.25